# राजभाषा कार्यान्वयन संबंधित प्रश्नोत्तर

**प्र.[01] राजभाषा अधिनियम मे कुल कितनी धारायें हैं ?**
(क) 7 (ख) 8 (ग) 9 (घ) 10

**प्र.[02] संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार हिन्दी संघ की राजभाषा है ?**
(क) 343(1) (ख) 343(2) (ग) 343(3) (घ) 344(1)

**प्र.[03] संविधान के किन अनुच्छेदों में राजभाषा का उल्लेख है ?**
(क) 120 (ख) 210 (ग) 343 से 351 (घ) सभी

**प्र.[04] राजभाषा आयोग का गठन कब हुआ ?**
(क) 1976 (ख) 1955 (ग) 1950 (घ) 1963

**प्र.[5] धारा 3(3) के अनुसार कितने दस्तावेजों को द्विभाषी रूप में जारी करना अनिवार्य है ?**
(क) 10 (ख) 12 (ग) 14 (घ) 16

**प्र.[06] राजभाषा नियमों की कुल संख्या कितनी है ?**
(क) 9 (ख) 10 (ग) 11 (घ) 12

**प्र.[07] निम्नलिखित दस्तावेजों में से कौन से दस्तावेज द्विभाषी रूप में जारी करना अनिवार्य है ?**
(क) सामान्य आदेश (ख) संकल्प (ग) संविदायें (घ) सभी

**प्र.[08] निम्नलिखित दस्तावेजों में से कौन से दस्तावेज धारा 3(3) के अंतर्गत नहीं आता है ?**
(क) करार (ख) प्रेस विज्ञप्तियाँ (ग) निविदा सूचना (घ) कोई नहीं

**प्र.[09] राजभाषा विभाग किस मंत्रालय के अंतर्गत आता है ?**
(क) गृह (ख) विदेश (ग) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (घ) सूचना एवं प्रसारण

**प्र.[10] किसके अनुपालन के लिए राजभाषा विभाग प्रतिवर्ष वार्षिक कार्यक्रम जारी करता है ?**
(क) राजभाषा नियम 1976 (ख) राजभाषा अधिनियम 1963
(ग) राजभाषा संकल्प 1968 (घ) अनुच्छेद 343

**प्र.[11] अंतर्राष्ट्रीय संधियों और करारों को किस भाषा में तैयार किया जाना चाहिए ?**
(क) हिन्दी (ख) अंग्रेजी (ग) हिन्दी अथवा अंग्रेजी (घ) हिन्दी और अंग्रेजी दोनों

**प्र.[12] नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष में कितनी बैठकें होनी चाहिए ?**
(क) 2 (ख) 3 (ग) 4 (घ) 1

**प्र.[13] विदेशों में स्थित भारतीय कार्यालयों में कितना प्रतिशत पत्राचार हिन्दी में होना चाहिए ?**
(क) 50 प्रतिशत (ख) 100 प्रतिशत (ग) 30 प्रतिशत (घ) 75 प्रतिशत

**प्र.[14] कितने प्रतिशत कर्मियों को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान होने पर कार्यालय को राजभाषा नियम-10(4) के अधीन अधिसूचित किया जाता है ?**
(क) 80 प्रतिशत (ख) 100 प्रतिशत (ग) 50 प्रतिशत (घ) 75 प्रतिशत

**प्र.[15] संविधान की आठवीं अनुसूची में हिन्दी का क्या स्थान है ?**
(क) 7 वाँ (ख) 6 वाँ (ग) 5 वाँ (घ) 8 वाँ

**प्र.[16] राजभाषा दिवस कब मनाया जाता है ?**
(क) 28 सितम्बर (ख) 14 अगस्त (ग) 14 सितम्बर (घ) 14 अक्टूबर

**प्र.[17] राजभाषा विभाग का गठन कब किया गया ?**
(क) 1975 (ख) 1963 (ग) 1968 (घ) 1950

**प्र.[18] इनमें से कौन-सी भाषा संविधान की 8वीं अनुसूची में नहीं है ?**
(क) मैथिली (ख) सिंधी (ग) अंग्रेजी (घ) नेपाली

**प्र.[19] संविधान के किस अनुच्छेद में हिन्दी भाषा के विकास के लिए निर्देश दिया गया है ?**
(क) 351 (ख) 343 (ग) 344 (घ) 350

**प्र.[20] राजभाषा अधिनियम की कौन-सी धारायें जम्मू-कश्मीर राज्य पर लागू नहीं होती है ?**
(क) 3 और 4 (ख) 4 और 5 (ग) 6 और 7 (घ) 7 और 8

**प्र.[21] राजभाषा नियम 1976 को कब संशोधित किया गया?**
(क)1987 (ख) 2007 (ग) 2011 (घ) उपरोक्त सभी

**प्र.[22] हिन्दी सलाहकार समिति की वर्ष में कम-से-कम कितनी बैठकें होनी चाहिए?**
(क) एक (ख) दो (ग) तीन (घ) चार

**प्र.[23] कार्यालय के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष में कितनी बैठकें होनी चाहिए?**
(क) चार (ख) तीन (ग) दो (घ) एक



**- मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (आई.ई.), नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली (म.प्र.)-486 889**
**मोबाईल – 9406965175, ई-मेल – mks90161514@gmail.com**

# राजभाषा कार्यान्वयन संबंधित प्रश्नोत्तर

**प्र.[24] संविधान के किस अनुच्छेद के तहत् राजभाषा आयोग एवं संसदीय राजभाषा समिति का गठन किया जाता है?**

(क) 344 (ख) 343 (ग) 345 (घ) 346

**प्र.[25] राजभाषा के किस नियम के अनुसार हिन्दी में प्राप्त पत्रादि के उत्तर हिन्दी में दिए जायेंगे?**

(क) नियम-2 (ख) नियम-3 (ग) नियम-4 (घ) नियम-5

**प्र.[26] हिन्दी सलाहकार समिति में गैर-सरकारी सदस्यों की अधिकतम संख्या कितनी हो सकती है?**

(क) 14 (ख) 15 (ग) 13 (घ) 12

**प्र.[27] हिन्दी सलाहकार समिति का कार्यकाल कितने वर्ष का होता है?**

(क) 3 वर्ष (ख) 2 वर्ष (ग)1 वर्ष (घ) 5 वर्ष

**प्र.[28] केन्द्रीय सरकार के कितने कार्यालय होने पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया जाता है?**

(क) 20 (ख) 50 (ग) 10 (घ) 100

**प्र.[29] संविधान की आठवीं अनुसूची में पहली भाषा कौन-सी है?**

(क) असमिया (ख) बंगला (ग) उड़िया (घ) हिन्दी

**प्र.[30] संविधान के किस भाग में राजभाषा का संदर्भ मिलता है?**

(क) भाग-5 (ख) भाग-6 (ग) भाग-17 (घ) सभी

**प्र.-[31] संविधान का अनुच्छेद 210(1) किस राज्य पर लागू नहीं होता है ?**

(क) जम्मू-कश्मीर (ख) तमिलनाडू (ग) मणिपुर (घ) केरल

**प्र.-[32] संसदीय राजभाषा समिति में लोकसभा के कितने सदस्य होते हैं ?**

(क) 10 (ख) 30 (ग) 20 (घ) 15

**प्र.-[33] संसदीय राजभाषा समिति में राज्यसभा के कितने सदस्य होते हैं ?**

(क) 5 (ख) 30 (ग) 20 (घ) 10

**प्र.-[34] हिन्दी को राजभाषा के रूप में कब स्वीकार किया गया ?**

(क) 14 सितम्बर 1949 (ख) 15 अगस्त 1947
(ग) 26 जनवरी 1950 (घ) 28 सितम्बर 1952

**प्र.-[35] संविधान की आठवीं अनुसूची में कुल कितनी भाषाओं का उल्लेख है ?**

(क) 18 (ख) 20 (ग) 22 (घ) 25

**प्र.-[36] राजभाषा नियम 1976 के नियम-5 के अनुसार हिन्दी में हस्ताक्षरित पत्रों का उत्तर किस भाषा में दिया जाना चाहिए ?**

(क) हिन्दी (ख) अंग्रेजी (ग) हिन्दी या अंग्रेजी (घ) हिन्दी और अंग्रेजी दोनों

**प्र.-[37] राजभाषा अधिनियम की धारा-6 और धारा-7 किस राज्य पर लागू नहीं है ?**

(क) तमिलनाडू (ख) जम्मू-कश्मीर (ग) सिक्किम (घ) गोआ

**प्र.-[38] राजभाषा संकल्प 1968 किस सदन द्वारा पारित किया गया ?**

(क) लोकसभा (ख) राज्यसभा (ग) लोकसभा एवं राज्यसभा (घ) कोई नहीं

**प्र.-[39] राजभाषा नियम 1976 किस राज्य पर लागू नहीं हैं ?**

(क) कर्नाटक (ख) केरल (ग) आंध्रप्रदेश (घ) तमिलनाडू

**प्र.-[40] कोंकणी, मणिपुरी और नेपाली भाषायें कब आठवीं अनुसूची में शामिल की गईं ?**

(क) 1992 (ख) 2004 (ग) 1967 (घ) 2010

**प्र.-[41] संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार हिन्दी संघ की राजभाषा है?**

(क) 341 (ख) 343 (ग) 345 (घ) 348

**प्र.-[42] संविधान की आठवीं अनुसूची में अंतिम भाषा कौन-सी है?**

(क) भोजपुरी (ख) अंग्रेजी (ग) हिन्दी (घ) उर्दू

**प्र.-[43] राजभाषा नियम किस वर्ष बनाये गए ?**

(क) 1987 (ख) 1976 (ग) 1963 (घ) 1967

**प्र.-[44] राजभाषा अधिनियम 1963 में संशोधन कब किया गया?**

(क) 1967 (ख) 1976 (ग) 1987 (घ) 1968

**प्र.-[45] राजभाषा नियम-12 के अनुसार राजभाषा अधिनियम और उसके अधीन बनाये गए नियमों के उपबंधों का समुचित अनुपालन का उत्तरदायित्व किस पर होता है ?**

(क) राजभाषा प्रभारी (ख) राजभाषा प्रमुख (ग) प्रशासनिक प्रमुख (घ) राजभाषा अधिकारी



**- मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (आई.ई.), नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली (म.प्र.)-486 889**
**मोबाईल – 9406965175, ई-मेल – mks90161514@gmail.com**

# राजभाषा कार्यान्वयन संबंधित प्रश्नोत्तर

**प्र.-[46] संविधान के अनुच्छेद 348 के अनुसार उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों में सभी कार्यवाही किस भाषा में होगी ?**
(क) केवल हिन्दी (ख) केवल अंग्रेजी (ग) हिन्दी और अंग्रेजी दोनों (घ) हिन्दी या अंग्रेजी

**प्र.-[47] बोलने वालों की संख्या के अनुसार विश्व में किस भाषा का दूसरा स्थान है ?**
(क) अंग्रेजी (ख) हिन्दी (ग) चीनी (घ) रूसी

**प्र.-[48] राजभाषा अधिनियम कब लागू हुआ ?**
(क) 1963 (ख) 1967 (ग) 1976 (घ) 1987

**प्र.-[49] राजभाषा नियम कब लागू हुए ?**
(क) 1967 (ख) 1968 (ग) 1976 (घ) 1963

**प्र.-[50] केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो की स्थापना कब हुई?**
(क) 1960 (ख) 1980 (ग) 1990 (घ) 1971

**प्र.-[51] 9 वाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन 22-24 सितम्बर 2012 को कहाँ आयोजित हुआ ?**
(क) टोकियो (ख) जोहांसबर्ग (ग) न्यूयार्क (घ) दिल्ली

**प्र.-[52] संघ की राजभाषा की स्वर्ण जयंती किस वर्ष मनाई गई ?**
(क) 1998 (ख) 2001 (ग) 2000 (घ) 1999

**प्र.-[53] संसदीय राजभाषा समिति के सदस्य कौन होते हैं ?**
(क) लोकसभा के सदस्य (ख) राज्यसभा के सदस्य
(ग) लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य (घ) राज्य विधानमण्डल के सदस्य

**प्र.-[54] राजभाषा संकल्प कब प्रकाशित किया गया?**
(क) 1967 (ख) 1968 (ग) 1969 (घ) 1970

**प्र.-[55] राजभाषा नियम के अनुसार हिन्दी के प्रयोग की दृष्टि से राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों को कितने क्षेत्रों में बाँटा गया है?**
(क) एक (ख) दो (ग) तीन (घ) चार

**प्र.-[56] राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अनुसार 14 कागज-पत्रों को किस भाषा में जारी किया जा सकता है?**
(क) केवल हिन्दी (ख) केवल अंग्रेजी (ग) हिन्दी और अंग्रेजी दोनों (घ) हिन्दी या अंग्रेजी किसी में

**प्र.-[57] राजभाषा नियम के अंतर्गत क्षेत्र"क" में स्थित सरकारी कार्यालयों में कितना प्रतिशत कार्य हिन्दी में होना अपेक्षित है?**
(क) 50 प्रतिशत (ख) 80 प्रतिशत (ग) 90 प्रतिशत (घ) 100 प्रतिशत

**प्र.-[58] राजभाषा नियम-6 के अनुसार धारा 3(3) के अंतर्गत जारी किए गए दस्तावेजों के लिए हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं का प्रयोग संबंधी जिम्मेदारी किसकी होगी ?**
(क) हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी (ख) राजभाषा प्रमुख
(ग) प्रशासनिक प्रधान (घ) इनमें से सभी

**प्र.-[59] राजभाषा नियम-11 के तहत् द्विभाषिक स्टेशनरी आदि में हिन्दी का स्थान कहाँ होगा?**
(क) अंग्रेजी के बाद (ख) अंग्रेजी के पहले (ग) अंग्रेजी के पहले या बाद (घ) कहीं भी

**प्र.-[60] 08 जनवरी 2004 को इनमें से किस भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया?**
(क) बोडो (ख) मैथिली (ग) संथाली (घ) इनमें सभी

**प्र.-[61] सिंधी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में कब शामिल किया गया ?**
(क) 1967 (ख) 2004 (ग) 1992 (घ) 2000

**प्र.-[62] राजभाषा के प्रयोग के संदर्भ में कौन-सा राज्य क्षेत्र"ख" में आता है ?**
(क) गुजरात (ख) महाराष्ट्र (ग) पंजाब (घ) इनमें सभी

**प्र.-[63] केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है ?**
(क) नागपुर (ख) कोलकाता (ग) मुम्बई (घ) नई दिल्ली

**प्र.-[64] नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष में कितनी बैठकें होनी चाहिए ?**
(क) 3 (ख) 1 (ग) 2 (घ) 4

**प्र.-[65] राजभाषा के प्रयोग के संदर्भ में कौन-सा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र"क" में नहीं है ?**
(क) उत्तराखण्ड (ख) छत्तीसगढ़ (ग) हरियाणा (घ) चण्डीगढ़



**- मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (आई.ई.), नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली (म.प्र.)-486 889**
**मोबाईल – 9406965175, ई-मेल – mks90161514@gmail.com**

EXAMS

# राजभाषा कार्यान्वयन संबंधित प्रश्नोत्तर

**प्र.-[66] संसदीय राजभाषा समिति में कुल कितने सदस्य होते हैं ?**
(क) 30 (ख) 20 (ग) 10 (घ) 5

**प्र.-[67] संसदीय राजभाषा समिति अपना प्रतिवेदन किसे प्रस्तुत करती है?**
(क) प्रधानमंत्री (ख) राष्ट्रपति (ग) गृह मंत्री (घ) उपराष्ट्रपति

**प्र.-[68] यूनिकोड मानक से किन भाषाओं को इनोड किया जा सकता है ?**
(क) हिन्दी (ख) अंग्रेजी (ग) सभी भाषायें (घ) भारतीय भाषायें

**प्र.-[69] यूनिकोड कौन-सा मानक है ?**
(क) राष्ट्रीय मानक (ख) अंतर्राष्ट्रीय मानक (ग) क्षेत्रीय मानक (घ) भारतीय मानक

**प्र.-[70] राजभाषा आयोग अपनी सिफारिशें किसे प्रस्तुत करती हैं ?**
(क) प्रधानमंत्री (ख) राष्ट्रपति (ग) गृह मंत्री (घ) उपराष्ट्रपति

**प्र.-[71] राजभाषा विभाग की त्रैमासिक गृह पत्रिका का नाम क्या है ?**
(क) राजभाषा भारती (ख) राजभाषा कोयल (ग) राजभाषा कमल (घ) राजभाषा हिन्दी

**प्र.-[72] जर्नल और मानक संदर्भ पुस्तकों को छोड़कर पुस्तकालय के कुल अनुदान का कितना प्रतिशत हिन्दी पुस्तकों की खरीद पर खर्च किया जा सकता है ?**
(क) 25 प्रतिशत (ख) 75 प्रतिशत (ग) 100 प्रतिशत (घ) 50 प्रतिशत

**प्र.-[73] अभी तक संसदीय राजभाषा समिति की रिपोर्ट कितने खण्डों में जारी हो चुकी हैं ?**
(क) 9 (ख) 8 (ग) 7 (घ) 6

**प्र.-[74] राजभाषा आयोग अपनी सिफारिशें किसे प्रस्तुत करता हैं ?**
(क) उप-राष्ट्रपति (ख) गृहमंत्री (ग) राष्ट्रपति (घ) प्रधानमंत्री

**प्र.-[75] कोयल किसकी गृह पत्रिका हैं ?**
(क) कोयला मंत्रालय (ख) गृह मंत्रालय (ग) राज्यसभा (घ) लोकसभा

**प्र.-[76] पहला राजभाषा आयोग कब गठित हुआ ?**
(क) 1950 (ख) 1955 (ग) 1960 (घ) 1965

**प्र.-[77] पहली संसदीय राजभाषा समिति कब गठित की गई ?**
(क) 1957 (ख) 1955 (ग) 1956 (घ) 1958

**प्र.-[78] संसदीय राजभाषा समिति के प्रतिवेदन पर राष्ट्रपति जी का पहला आदेश कब जारी हुआ ?**
(क) 1957 (ख) 1955 (ग) 1956 (घ) 1960

**प्र.-[79] राजभाषा आयोग के सदस्यों को कौन नियुक्त करता है ?**
(क) राष्ट्रपति (ख) प्रधानमंत्री (ग) गृहमंत्री (घ) संसद

**प्र.-[80] राजभाषा आयोग की सिफारिशों की परीक्षा कौन करता है ?**
(क) गृह-मंत्रालय (ख) संसद (ग) संसदीय राजभाषा समिति (घ) राष्ट्रपति

**प्र.-[81] राष्ट्रपति किसके प्रतिवेदन के आधार पर आदेश जारी करता है ?**
(क) राजभाषा आयोग (ख) राजभाषा विभाग (ग) गृह-मंत्रालय (घ) संसदीय राजभाषा समिति

**प्र.-[82] संसदीय राजभाषा समिति का 9वाँ प्रतिवेदन कब जारी हुआ ?**
(क) 2012 (ख) 2011 (ग) 2010 (घ) 2009

**प्र.-[83] संविधान के अनुच्छेद 348 के अनुसार संसद या विधानमण्डल द्वारा बनाए गए सभी नियमों, विनियमों और उपविधियों के प्राधिकृत पाठ किस भाषा में होंगे ?**
(क) अंग्रेजी में (ख) हिन्दी में (ग) भारतीय भाषा में (घ) 8वी. अनुसूची की भाषा में

**प्र.-[84] संसदीय राजभाषा समिति के कितने प्रतिवेदनों पर राष्ट्रपति के आदेश जारी हो चुके हैं?**
(क) आठ (ख) सात (ग) नौ (घ) छह

**प्र.-[85] राजभाषा आयोग का गठन कौन करता है?**
(क) उप-राष्ट्रपति (ख) गृह-मंत्री (ग) प्रधानमंत्री (घ) राष्ट्रपति

**प्र.-[86] राजभाषा अधिनियम की धारा 4(3) के अंतर्गत संसदीय राजभाषा समिति का प्रतिवेदन संसद के किस सदन में रखा जाता है?**
(क) लोकसभा में (ख) राज्यसभा में (ग) दोनों सदनों में (घ) किसी एक सदन में

**प्र.-[87] राजभाषा अधिनियम की धारा 8 की शक्तियों का उपयोग कर केन्द्र सरकार ने क्या जारी किया?**
(क) राजभाषा नियम 1976 (ख) राजभाषा संकल्प 1968
(ग) राष्ट्रपति के आदेश (घ) राजभाषा आयोग का गठन



**- मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (आई.ई.), नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली (म.प्र.)-486 889**
**मोबाईल – 9406965175, ई-मेल – mks90161514@gmail.com**

# राजभाषा कार्यान्वयन संबंधित प्रश्नोत्तर

**प्र.-[88] परम्परा के अनुसार संसदीय राजभाषा समिति के सदस्यों द्वारा किसे अध्यक्ष चुना जाता है ?**
(क) राष्ट्रपति (ख) उप-राष्ट्रपति (ग) प्रधानमंत्री (घ) गृहमंत्री

**प्र.-[89] बी. जी. खेर किसके प्रथम अध्यक्ष बने ?**
(क) राजभाषा आयोग (ख) संसदीय राजभाषा समिति (ग) लोकसभा (घ) राजसभा

**प्र.-[90] पहली संसदीय राजभाषा समिति की रिपोर्ट राष्ट्रपति को कब प्रस्तुत की गई ?**
(क) 1958 (ख) 1957 (ग) 1960 (घ) 1959

**प्र.-[91] राजभाषा संकल्प संसद के दोनों सदनों द्वारा कब पारित की गई ?**
(क) 1968 (ख) 1967 (ग) 1960 (घ) 1959

**प्र.-[92] संविधान सभा ने हिन्दी को संघ की राजभाषा के रूप में कब स्वीकार किया ?**
(क) 14 सितम्बर 1949 (ख) 26 जनवरी 1950
(ग) 15 अगस्त 1947 (घ) 14 सितम्बर 1942

**प्र.-[93] 14 सितम्बर को "राजभाषा दिवस" मनाने की शुरुआत कब से हुई ?**
(क) 1949 (ख) 1953 (ग) 1947 (घ) 1950

**प्र.-[94] "विश्व हिन्दी दिवस" कब मनाया जाता है?**
(क) 14 सितम्बर (ख) 10 जनवरी (ग) 28 सितम्बर (घ) 26 जनवरी

**प्र.-[95] प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन कहाँ हुआ?**
(क) नागपुर (ख) जोहाँसबर्ग (ग) सिंगापुर (घ) मॉरीशस

**प्र.-[96] पहला विश्व हिन्दी सम्मेलन कब आयाजित हुआ?**
(क) 1990 (ख) 1980 (ग) 1975 (घ) 1995

**प्र.-[97] विश्व हिन्दी सचिवालय किस देश में स्थित है?**
(क) भारत (ख) सिंगापुर (ग) मलेशिया (घ) मॉरीशस

**प्र.-[98] विश्व में लगभग कितनी भाषायें बोली जाती हैं ?**
(क) 2,800 (ख) 2,000 (ग) 1,000 (घ) 500

**प्र.-[99] तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषायें किस भाषा-परिवार से निकली हैं ?**
(क) सेमेटिक (ख) हेमेटिक (ग) द्रविड़ (घ) आग्नेय

**प्र.-[100] निम्नलिखित भाषाओं में किस-की लिपि देवनागरी है ?**
(क) हिन्दी (ख) मराठी (ग) नेपाली (घ) इनमें से सभी

**प्र.-[101] द्रविड़ कुल को छोड़कर भारत की सभी भाषाओं का विकास किस भाषा से हुआ है?**
(क) अपभ्रंश (ख) पालि (ग) प्राकृत (घ) संस्कृत

**प्र.-[102] खड़ी बोली कहाँ बोली जाती है?**
(क) दिल्ली (ख) मेरठ (ग) सहारनपुर (घ) इनमें से सभी

**प्र.-[103] बोलने वालों की संख्या के अनुसार विश्व में हिन्दी का क्या स्थान है ?**
(क) पहला (ख) दूसरा (ग) तीसरा (घ) चौथा

**प्र.-[104] इनमें से किसने ब्रज-भाषा में साहित्य की रचना की है ?**
(क) सूरदास (ख) तुलसीदास (ग) जायसी (घ) अमीर खुसरो

**प्र.-[105] इनमें से किसकी रचना अवधी भाषा में लिखी गई है ?**
(क) तुलसीदास (ख) मोहम्मद जायसी (ग) दोनों (घ) इनमें कोई नहीं

**प्र.-[106] इनमें से कौन-सी रचना खड़ी बोली की है ?**
(क) साकेत (ख) प्रियप्रवास (ग) कामायनी (घ) इनमें सभी

**प्र.-[107] खड़ी बोली के प्रथम प्रसिद्ध कवि कौन थे ?**
(क) सूरदास (ख) नंददास (ग) मीराबाई (घ) अमीर खुसरो

**प्र.-[108] भारतीय भाषाओं की उत्पत्ति मूलत: किस प्राचीन भाषा से हुई ?**
(क) पालि (ख) प्राकृत (ग) संस्कृत (घ) हिन्दी

**प्र.-[109] विश्व हिन्दी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है क्योंकि इस दिन............**
(क) पहला विश्व हिन्दी सम्मेलन आयोजित (ख) हिन्दी संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा बनी
(ग) हिन्दी भारत की राजभाषा बनी (घ) विश्व हिन्दी सचिवालय की स्थापना हुई

**प्र.-[110] महात्मा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय किस देश में है ?**
(क) मॉरीशस (ख) भारत (ग) अमरीका (घ) नेपाल



**- मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (आई.ई.), नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली (म.प्र.)-486 889**
**मोबाईल – 9406965175, ई-मेल – mks90161514@gmail.com**

# राजभाषा कार्यान्वयन संबंधित प्रश्नोत्तर

**प्र.-[111] महात्मा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय किस शहर में है ?**
(क) नई दिल्ली (ख) मुम्बई (ग) वर्धा (घ) नागपुर

**प्र.-[112] यूनिकोड (UNICODE) के प्रयोग से क्या लाभ है ?**
(क) एकरूपता (ख) हिन्दी में बनी फाईलों का आदान-प्रदान
(ग) कंप्यूटर पर हिन्दी कार्यों में आसानी (घ) उपरोक्त सभी

**प्र.-[113] यूनिकोड कितने कैरेक्टरों के लिए कोड-प्वाइंट उपलब्ध कराता है ?**
(क) 10,000 (ख) 65,536 (ग) 20,000 (घ) 50,000

**प्र.-[114] यूनिकोड इनकोडिंग के लिए कितने बिट का प्रयोग करता है ?**
(क) 16 (ख) 32 (ग) 64 (घ) 8

**प्र.-[115] कंप्यूटर पर हिन्दी में कार्य करने के लिए कौन-कौन से की-बोर्ड ले-आउट विकल्प है ?**
(क) इंस्क्रिप्ट (ख) रेमिंग्टन (ग) फोनेटिक (घ) उपरोक्त सभी

**प्र.-[116] इंस्क्रिप्ट की-बोर्ड ले-आउट को डी.ओ.ई. (DOE) द्वारा कब स्टैण्डर्डाइज किया गया?**
(क) 1986 (ख) 1980 (ग) 1990 (घ) 2000

**प्र.-[117] विश्व हिन्दी सचिवालय की स्थापना कब हुई?**
(क) 1986 (ख) 1980 (ग) 2008 (घ) 2000

**प्र.-[118] यूनिकोड इनकोडिंग के लिए कितने बाईट का प्रयोग करता है ?**
(क) 8 (ख) 4 (ग) 2 (घ) 1

**प्र.-[119] किस देश में विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन दो बार हो चुका है ?**
(क) भारत (ख) मॉरीशस (ग) दोनों (घ) इनमें कोई नहीं

**प्र.-[120] भारत के अलावा किस देश में विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन दो बार हो चुका है ?**
(क) मॉरीशस (ख) दक्षिण अफ्रीका (ग) अमरीका (घ) सूरीनाम

**प्र.-[121] अब तक कुल कितने विश्व हिन्दी सम्मेलनों का आयोजन हो चुका है ?**
(क) 7 (ख) 8 (ग) 9 (घ) 10

**प्र.-[122] विश्व हिन्दी सचिवालय किस देश में स्थित है?**
(क) भारत (ख) सूरीनाम (ग) अमरीका (घ) मॉरीशस

**प्र.-[123] 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस मनाने की शुरुआत किस वर्ष से हुई?**
(क) 2006 (ख) 2009 (ग) 2010 (घ) 2014

**प्र.-[124] वर्ष 2014 में कौन-सा विश्व हिन्दी दिवस मनाया गया?**
(क) सातवाँ (ख) आठवाँ (ग) नौंवाँ (घ) दसवाँ

**प्र.-[125] देवनागरी लिपि के वर्णमाला में कुल वर्णों की संख्या कितनी है ?**
(क) 44 (ख) 51 (ग) 52 (घ) 50

**प्र.-[126] मानक हिन्दी वर्णमाला में स्वरों की संख्या कितनी है ?**
(क) 10 (ख) 11 (ग) 12 (घ) 13

**प्र.-[127] विश्व की सबसे वैज्ञानिक लिपि कौन-सी है ?**
(क) अरबी (ख) फारसी (ग) रोमन (घ) देवनागरी

**प्र.-[128] विश्व की सबसे वैज्ञानिक भाषा कौन-सी है ?**
(क) हिन्दी (ख) उर्दू (ग) अंग्रेजी (घ) जापानी

**प्र.-[129] उर्दू भाषा की अधिकृत लिपि कौन-सी है ?**
(क) देवनागरी (ख) फारसी (ग) अरबी (घ) रोमन

**प्र.-[130] मानक देवनागरी लिपि में मूल व्यंजनों की कुल संख्या कितनी है ?**
(क) 35 (ख) 44 (ग) 33 (घ) 51

**प्र.-[131] मानक हिन्दी वर्णमाल में स्वर एवं मूल व्यंजनों की कुल संख्या कितनी है ?**
(क) 46 (ख) 44 (ग) 35 (घ) 51

**प्र.-[132] देवनागरी लिपि में संयुक्त व्यंजनों की कुल संख्या कितनी है ?**
(क) 3 (ख) 4 (ग) 5 (घ) 6

**प्र.-[133] देवनागरी लिपि में उच्चारण की दृष्टि से कौन-से नए व्यंजनों का जन्म हुआ है ?**
(क) ड़ (ख) ढ़ (ग) दोनों (घ) कोई नहीं



**- मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (आई.ई.), नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली (म.प्र.)-486 889**
**मोबाईल – 9406965175, ई-मेल – mks90161514@gmail.com**

# राजभाषा कार्यान्वयन संबंधित प्रश्नोत्तर

**प्र.-[134] भारत की किस संस्थान ने देवनागरी लिपि का मानकीकरण किया है ?**
(क) भारतीय मानक ब्यूरो (ख) केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय
(ग) नागरी लिपि परिषद् (घ) सी-डैक

**प्र.-[135] देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ है ?**
(क) ब्राह्मी (ख) अरबी (ग) फारसीं (घ) रोमन

**प्र.-[136] हिन्दी भाषा में निम्नलिखित में कौन-से संयुक्त व्यंजन हैं ?**
(क) क्ष (ख) त्र (ग) ज्ञ, श्र (घ) सभी

**प्र.-[137] भारतीय मानक ब्यूरो (बी.आई.एस.) द्वारा जारी आई.एस. 16500:2012 मानक किस से संबंधित है ?**
(क) देवनागरी लिपि तथा हिन्दी वर्तनी (ख) गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली
(ग) पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (घ) सामाजिक दायित्त्व

**प्र.-[138] हिन्दी भाषा में क़, ख़, ग़ और ज़ वर्ण किस भाषा से लिए गए हैं ?**
(क) संस्कृत (ख) अरबी-फारसी (ग) अंग्रेजी (घ) ब्राह्मी

**प्र.-[139] हिन्दी भाषा में फ़ और ऑ ( ॉ ) वर्ण किस भाषा से लिए गए हैं ?**
(क) संस्कृत (ख) अरबी-फारसी (ग) अंग्रेजी (घ) ब्राह्मी

**प्र.-[140] संस्कृत भाषा में प्रयुक्त कौन-से स्वरों को हिन्दी की मानक वर्णमाला में स्थान नहीं दिया गया हैं ?**
(क) ॠ (ख) ऌ (ग) ॡ (घ) सभी

**प्र.-[141] कौन-सा की-बोर्ड (Keyboard) भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा मानक माना गया है ?**
(क) फोनेटिक (ख) इंस्क्रिप्ट (INSCRIPT) (ग) टाईपराइटर (घ) रेमिंगटन (Remington)

**प्र.-[142] भारतीय मानक ब्यूरो ने देवनागरी लिपि तथा हिन्दी वर्तनी का मानक रूप जारी कब किया ?**
(क) 1963 (ख) 2012 (ग) 1987 (घ) 1976

**प्र.-[143] संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषाओं की संख्या कितनी है ?**
(क) 4 (ख) 5 (ग) 6 (घ) 3

**प्र.-[144] निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा नहीं है ?**
(क) अंग्रेजी, फ्रेंच (ख) स्पेनिश, चीनी (ग) रूसी, अरबी (घ) हिन्दी

**प्र.-[145] निम्नलिखित में से कौन-सा सॉफ्टवेयर हिन्दी टाईपिंग के लिए बनाया गया है ?**
(क) सुलिपि (Sulipi) (ख) आकृति (Aakruti) (ग) ए.पी.एस (APS) (घ) सभी

**प्र.-[146] निम्नलिखित में से वर्णों का कौन-सा रूप मान्य नहीं है ?**
(क) ञ्प्र (ख) र।। (ग) भ (घ) सभी

**प्र.-[147] निम्नलिखित में से कौन-सा लिखावट अब मान्य नहीं है ?**
(क) चञ्चल (ख) अङ्क (ग) सम्बन्ध (घ) सभी

**प्र.-[148] निम्नलिखित में से कौन-से लिखावट का मानक रूप सही है ?**
(क) अण्डा - अंडा (ख) सम्पत्ति - संपत्ति (ग) गङ्गा - गंगा (घ) सभी

**प्र.-[149] निम्नलिखित में से कौन-से वर्णों का मानक रूप सही है ?**
(क) ञ्प्र - अ (ख) र।। - ण (ग) रव - ख (घ) सभी

**प्र.-[150] निम्नलिखित में से कौन-सा लिखावट मान्य नहीं है ?**
(क) हिन्दी (ख) रिलायन्स (ग) संबंध (घ) सम्मेलन

**प्र.-[151] किस संस्थान ने वर्ष 2012 में देवनागरी लिपि तथा हिन्दी वर्तनी का भारतीय मानक जारी किया ?**
(क) विश्व नागरी विज्ञान संस्थान (ख) केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो
(ग) केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय (घ) भारतीय मानक ब्यूरो

**प्र.-[152] निम्नलिखित में से कौन-से लिखावट मानक के अनुरुप हैं ?**
(क) गए (ख) नई दिल्ली (ग) कविताएँ (घ) सभी

**प्र.-[153] वर्ण क़, ज़. फ़, ऑ, ळ आदि हिंदी की किस वर्णमाला का हिस्सा हैं?**
(क) मानक वर्णमाला (ख) परिवर्धित वर्णमाला (ग) दोनों (घ) कोई नहीं

**प्र.-[154] दो या दो से अधिक वर्णों के मेल से क्या बनता हैं?**
(क) शब्द (ख) अक्षर (ग) वाक्य (घ) कोई नहीं

**प्र.-[155] अपने विचारों को प्रकट करने के लिए हमें किसकी आवश्यकता होती हैं?**
(क) वर्ण (ख) लिपि (ग) भाषा (घ) अक्षर



**- मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (आई.ई.), नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली (म.प्र.)-486 889**
**मोबाईल – 9406965175, ई-मेल – mks90161514@gmail.com**

# राजभाषा कार्यान्वयन संबंधित प्रश्नोत्तर

**प्र.-[156] निम्नलिखित में से भाषा के अंग कौन से हैं?**

(क) वर्ण (ख) शब्द (ग) वाक्य (घ) सभी

**प्र.-[157] विसर्ग किसे कहते हैं?**

(क) अः ( : ) (ख) अ ( ं ) (ग) अँ ( ँ ) (घ) सभी

**प्र.-[158] "त्र" वर्ण में किन दो वर्णों का योग हैं?**

(क) त् + र (ख) स् + र (ग) ज् + ञ (घ) क् + ष

**प्र.-[159] निम्नलिखित वर्णों की लिखावट अब मान्य नहीं है ?**

(क) ञ्प्र (ख) र।। (ग) रव (घ) सभी

**प्र.-[160] उर्दू और अरबी किस लिपि में लिखी जाती हैं?**

(क) उर्दू (ख) फारसी (ग) अरबी (घ) देवनागरी

**प्र.-[161] राजभाषा विभाग नें राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 4 के अनुपालन में वर्ष 1976 में राजभाषा विभाग द्वारा कौन-सी समिति का गठन किया ?**

(क) संसदीय राजभाषा समिति (ख) केन्द्रीय हिंदी समिति
(ग) हिंदी सलाहाकार समिति (घ) नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति

**प्र.-[162] वर्तमान समय में देश में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की कुल संख्या कितनी ?**

(क) 402 (ख) 275 (ग) 105 (घ) 325

**प्र.-[163] राजभाषा विभाग ने देश भर में कुल कितने क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों की स्थापना की है ?**

(क) 4 (ख) 8 (ग) 10 (घ) 6

**प्र.-[164] छोटी नराकास समिति में सदस्य कार्यालयों की संख्या कितनी होती?**

(क) 10 से कम (ख) 50 से कम (ग) 100 से कम (घ) 75 से कम

**प्र.-[165] बड़ी नराकास समिति में सदस्य कार्यालयों की संख्या कितनी होती?**

(क) 10 से अधिक (ख) 50 से अधिक (ग) 100 से अधिक (घ) 75 से अधिक

**प्र.-[166] दस से पच्चास सदस्य कार्यालयों की नराकास समिति को राजभाषा विभाग द्वारा एक बैठक के लिए कितनी प्रतिपूर्ति राशि दी जाती है ?**

(क) रु.3,000/- (ख) रु.5,000/- (ग) रु.6,000/- (घ) रु.10,000/-

**प्र.-[167] यूनिकोड में हिंदी का कौन-सा फोंट प्रयोग में लाया जाता है ?**

(क) मंगल (Mangal) (ख) कृतिदेव (KrutiDev)
(ग) आकृतिदेव (AakrutiDev) (घ) सीएमपीडीआई हिंदी (cmpdi Hindi)

**प्र.-[168] केंद्र सरकार ने राजभाषा विभाग की स्थापना कब की ?**

(क) 1963 (ख) 1975 (ग) 1967 (घ) 1976

**प्र.-[169] केंद्रीय हिंदी समिति का अध्यक्ष कौन होता है ?**

(क) प्रधानमंत्री (ख) राष्ट्रपति (ग) केंद्रीय गृह मंत्री (घ) उपराष्ट्रपति

**प्र.-[170] हिंदी सलाहकार समिति का अध्यक्ष कौन होता है ?**

(क) राज्य मंत्री (ख) सचिव (ग) मंत्री (घ) उपराष्ट्रपति

**प्र.-[171] केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति का अध्यक्ष कौन होता है ?**

(क) राज्य मंत्री (ख) गृह मंत्री (ग) सचिव (राजभाषा) (घ) राष्ट्रपति

**प्र.-[172] विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति का अध्यक्ष कौन होता है ?**

(क) मंत्री (ख) गृह मंत्री (ग) सचिव (राजभाषा) (घ) मंत्रालय/विभाग के संयुक्त सचिव

**प्र.-[173] नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) का अध्यक्ष कौन होता है ?**

(क) महापौर (ख) जिलाधिकारी (ग) कलेक्टर (घ) सरकारी संस्थानों के विरिष्ठम प्रमुख

**प्र.-[174] इंडिक इंपुट टूल्स (Google Input Tools) से कौन-सी भाषा में लिखा जा सकता है ?**

(क) हिंदी (ख) पंजाबी (ग) गुजराती (घ) सभी

**प्र.-[175] इनमें से कौन-सा हिंदी लिखने का साफ्टॅवेयर यूनिकोड समर्थित है ?**

(क) गूगल इंपुट टूल्स (Google Input Tools) (ख) इंडिक इंपुट टूल्स 3 (Indic Input Tools 3)
(ग) इंडिक इंपुट टूल्स 2 ( Indic Input Tools 2) (घ) सभी



**- मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (आई.ई.), नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली (म.प्र.)-486 889**
**मोबाईल – 9406965175, ई-मेल – mks90161514@gmail.com**

**उत्तर**

1(ग), 2(क), 3(घ), 4(ख), 5(ग), 6(घ), 7(घ), 8(घ), 9(क), 10(ग), 11(घ), 12(क), 13(ग), 14(क), 15(ख), 16(ग), 17(क), 18(ग), 19(क), 20(ग), 21(घ), 22(घ), 23(क), 24(क), 25(घ), 26(ख), 27(क), 28(ग), 29(क), 30(घ), 31(क), 32(ग), 33(घ), 34(क), 35(ग), 36(क), 37(ख), 38(ग), 39(घ), 40(क), 41(ख), 42(घ), 43(ख), 44(क), 45(ग), 46(ख), 47(ख), 48(क), 49(ग), 50(घ), 51(ख), 52(घ), 53(ग), 54(ख), 55(ग), 56(ग), 57(घ), 58(क), 59(ख), 60(घ), 61(क), 62(घ), 63(घ), 64(ग), 65(घ), 66(क), 67(ख), 68(ग), 69(ख), 70(ख), 71(क), 72(घ), 73(क), 74(ग), 75(क), 76(ख), 77(क), 78(घ), 79(क), 80(ग), 81(घ), 82(ख), 83(क), 84(क), 85(घ), 86(ग), 87(क), 88(घ), 89(क), 90(घ), 91(ख), 92(क), 93(ख), 94(ख), 95(क), 96(ग), 97(घ), 98(क), 99(ग), 100(घ), 101(क), 102(घ), 103(ख), 104(क), 105(ग), 106(घ), 107(घ), 108(ग), 109(क), 110(ख), 111(ग), 112(घ), 113(ख), 114(क), 115(घ), 116(क), 117(ग), 118(ग), 119(ख), 120(क), 121(ग), 122(घ), 123(क), 124(ग), 125(ग), 126(ख), 127(घ), 128(क), 129(ख), 130(क), 131(घ), 132(ख), 133(ग), 134(क), 135(क), 136(घ), 137(क), 138(ख), 139(ग), 140(घ), 141(ख), 142(ख), 143(ग), 144(घ), 145(घ), 146(घ), 147(घ), 148(घ), 149(घ), 150(क), 151(घ), 152(ख), 153(ख), 154(ख), 155(ग), 156(घ), 157(ख), 158(क), 159(घ), 160(ख), 161(क), 162(क), 163(ख), 164(ग), 165(ग), 166(क), 167(क), 168(ख), 169(क), 170(ग), 171(ग), 172(घ), 173(घ), 174(घ), 175(घ), 176।



- मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (आई.ई.), नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली (म.प्र.)-486 889
मोबाईल – 9406965175, ई-मेल – mks90161514@gmail.com